आज भारतीय खिलाड़ियों की श्रेष्ठतम प्रयासों से तिरंगे को खेल के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है: लोक सभा अध्यक्ष

...

महिला खिलाड़ियों ने लगातार हमारे देश का नाम बढ़ाया है: लोक सभा अध्यक्ष

...

खेल के मैदान की ऊर्जा और खेल भावना समाज और जीवन के हर क्षेत्र में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करती हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने सूरत, गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में प्रतिभागियों को संबोधित किया

...

सूरत / नई दिल्ली; 12 अक्टूबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सूरत, गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस अवसर पर भारत के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ , गुजरात के मुख्य मंत्री श्री भूपेंद्र पटेल, सांसद, गुजरात सरकार के मंत्रीगण और विधायकगण मौजूद रहे।

खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के विषय में श्री बिरला ने कहा कि खेल के मैदान की ऊर्जा और खिलाड़ियों की खेल भावना यानि स्पोर्ट्समैन स्पिरिट (sportsman spirit) समाज और जीवन के हर क्षेत्र में उनका मार्गदर्शन करती है। श्री बिरला ने आगे कहा कि राजनीति, व्यापार, अथवा शिक्षा का क्षेत्र हो, हर क्षेत्र में खेल भावना हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप में लेना सिखाती है ताकि हम सदैव दूसरों को साथ लेकर बिना किसी के प्रति मन में द्वेष रखे निरंतर आगे बढ़ते रहें। श्री बिरला ने स्पष्ट किया कि खेलों से टीम वर्क की भावना का विकास होता है।

श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त किया कि इस वर्ष पहली बार राष्ट्रीय खेलों में पारंपरिक योगासन और मलखंभ को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह खेल हमारे हमारी विरासत हैं, जिन पर सभी भारतीयों को गर्व है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल के बारे में बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि खेल के प्रति सरकार की समर्पण के कारण खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा हैं।

खेल जगत में देश के बढ़ते प्रोफाइल का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर कई मेडल जीत रहे हैं और उनके श्रेष्ठतम प्रयासों से तिरंगे को खेल के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने आगे कहा कि खेल के अतिरिक्त योग के माध्यम से भी हमने भारत की पूरे विश्व में एक पहचान बनाई है। आज पूरे विश्व में योग के माध्यम से करोड़ों लोग अपने जीवन को स्वस्थ बना रहे हैं तथा प्रतिवर्ष दुनिया के करीब 200 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं जो की हमारे लिए गौरव की बात है।

देश की अनेकता में एकता का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि देश के अलग अलग राज्यों से अलग अलग भाषा बोलने वाले, अलग अलग संस्कृति के युवा खिलाड़ी, खेल के प्रति अनूठी भावना रखते है जो पूरे देश को एकता, बंधुता और सौहार्द की प्रेरणा देते हैं। श्री बिरला ने कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं जिससे शारीरिक, बौद्धिक क्षमता के साथ साथ चरित्र का निर्माण होता है।

श्री बिरला ने खेल समेत हर क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ती सह भागिता में के विषय में कहा कि आज देश की बेटियाँ मात्र खेलों में ही नहीं बल्कि समाज के हर क्षेत्र में, शिक्षा में, विज्ञान में, technology में भारत का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने खुशी जाहिर की कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भारत की महिला खिलाड़ियों ने लगातार हमारे देश का नाम बढ़ाया है।

आज़ादी के अमृत महोत्सव का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर, देश को और अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प सभी देशवासियों को लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आजादी के अमृत काल में खेल भावना को जीवन के हर क्षेत्र में साकार कर श्रेष्ठ बनने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प होना चाहिए।

खेलो इंडिया, फिट इंडिया, यूनिवर्सिटी गेम्स जैसे आयोजनों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि ऐसे अभियानों ने हमारी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की एक नई दिशा दी है, नई ऊर्जा दी है तथा सरकार के प्रयासों से खेलों का जमीनी स्तर पर भी हर व्यक्ति को खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है, अपने कौशल के प्रदर्शन के लिए प्लेटफॉर्म मिल रहा है। श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वस्थ जनसंख्या, समर्थ युवा शक्ति, मजबूत संकल्प और दृढ़ इच्छा शक्ति वाला भारत ही आज आगे बढ़कर विश्व का नेतृत्व करेगा । श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भारत के खेल और खिलाड़ी विश्व स्तर पर देश की नई पहचान बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

बाद में, श्री बिरला ने उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनकड़ के साथ हरियाणा-राजस्थान समाज, सूरत द्वारा आयोजित दिवाली मिलन और अभिनंदन कार्यक्रम में भाग लेंगे।